# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 दिसम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष दो हजार पचीस के अन्तर्गत आयोजित युवा सहकार सम्मेलन और यूपी कोऑपरेटिव एक्सपो का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने पहली बार सहकारिता का नया मंत्रालय गठित किया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने भी वर्ष दो हजार पचीस को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लघु और सीमान्त किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूपी सहकारी ग्राम्य विकास बैंक का ब्याज लगभग ग्यारह दशमलव पांच प्रतिशत है। सरकार इसे कम करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि–

***मुझे अन्नदाता किसानों के लिए एक और व्यवस्था करनी है। और वह यह है कि प्रदेश के अंदर हम लोग उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) का जो रेट ऑफ इंट्रेस्ट है लगभग 11.5 प्रतिशत है। किसान उससे लोन लेता है, लेकिन उसको बहुत ब्याज देना होता है। अब हम लोग इसको कम करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और इसके लिए मैं चाहूंगा कि यह लोन अब किसान को 6 फीसदी पर मिले। इसमें राज्य सरकार इसमें योगदान देगी और छः प्रतिशत में केवल किसान को लघु और सीमांत किसान को हम इस सुविधा का लाभ देगें।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और असीम अरूण मौजूद रहे।

**********

केन्द्रीय विधि एवं न्याय विभाग के राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नागरिकों का जीवन आसान बना दिया है। केन्द्रीय मंत्री आज लखनऊ में कर अधिकरण आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के लखनऊ पीठ के रजत जयंती समारोह को सम्बोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आयकर अधिनियम उन्नीस सौ इकसठ में संशोधन के बाद बने अधिनियम के लिये लोगों से सुझाव आमंत्रित किये।

**1961 पे इनकम टैक्स एक्ट में 2025 में संशोधन हुआ। रूल्स अभी बन रहे हैं। तो आपको लगता है कि संशोधन तो हो गई, फिर भी कोई कमी रही गयी है तो आप सुझाव वित्त मंत्रालय में भी दे सकते हैं, मेरे यहां भी दे सकते हैं कानून मंत्रालय में।**

केन्द्रीय मंत्री ने वाराणसी और देहरादून आयकर की सर्किट पीठ को पूर्ण पीठ के रूप में परिवर्तित करने का आश्वासन भी दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी एक जनवरी से इकतीस जनवरी तक प्रदेश में "सड़क सुरक्षा माह" मनाये जाने का निर्देश दिया है। इसका उद्‌देश्य शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी केयर के फोर ई मॉडल पर ध्यान केन्द्रित कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। इस मॉडल में यातायात नियमों का शक्ति से पालन, ब्लैक स्पॉट सुधार और एम्बुलेंस सेवा को मजबूत करना शामिल है।

**********

गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट मिलेगी, जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। पूर्व सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत और ट्रेड्समैन के लिए तीन प्रतिशत तक रिक्तियां आरक्षित रहेंगी।

**********

रेलवे आगामी छब्बीस दिसंबर से रेल किराए को युक्तिसंगत बनाएगा। सामान्य श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से वृद्धि की जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर दो पैसे प्रति किलोमीटर होगी। रेलवे के अनुसार, किराए में वृद्धि से लगभग छः सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

**********

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने व्हाट्सऐप अकाउंट को हैक करने के लिए घोस्ट पेयरिंग नाम के एक साइबर कैंपेन का इस्तेमाल करने की चेतावनी जारी की है। मंत्रालय ने लोगों से संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने के साथ–साथ बाहरी साइटों पर कभी भी अपना फोन नंबर दर्ज नहीं करने की सलाह दी है।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में बीते कुछ दिनों से पड़ रहे घने कोहर का प्रकोप बना हुआ है और भीषण ठंड पड़ रही है। कोहरे और ठंड के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। उधर मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अगले दो से तीन दिन तक घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। साथ ही, तीस से अधिक जिलों में कोल्ड डे रहने की आशंका जतायी है। कोहरे और ठंड को देखते हुए कई जिलों के जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है। लगभग सभी जिलों में स्कूलों के खुलने का समय सुबह दस बजे निर्धारित कर दिया गया है।

**********